**दिल्ली सरकार, रा.रा.क्षे.दिल्ली**
**कार्यालय महानिदेशक ( कारागार ) : दिल्ली**
**कारागार मुख्यालय : नियर लाजवंती गार्डन चौक, जनक पुरी : नई दिल्ली -64**

---

| | | |
|---|---|---|
| **अपीलकर्ता** | : | श्री पंकज कुमार, सहायक अधीक्षक |
| **आर.टी.आई कम्र संख्या** | : | 10227-ई दिनांक 11/05/2022 |
| **अपील कम्र संख्या** | : | 69 दिनांक 18/08/2022 |

आर.टी.आई. आवेदन, जन सूचना अधिकारी/अधीक्षक-(I), कारागार मुख्यालय, (तिहाड) के ज्ञापन और प्रथम अपील का अवलोकन किया। अपील के माध्यम से अपीलकर्ता ने प्रश्न सूचना संख्या- 1 के लिए प्रदान की गई सूचना पर आपत्ति दर्ज की है।

फाइल पर उपलब्ध दस्तावेजों के अवलोकन से पता चलता है कि जन सूचना अधिकारी, कारागार मुख्यालय, तिहाड़, नई दिल्ली द्वारा प्रश्न संख्या- 1 के प्रथम भाग में मांगी गई वरिष्ठता सूची के संबध में सूचना स्पष्ट रूप से प्रदान कर दी गई है जवकि प्रश्न संख्या-1 के शेष भाग मांगी गई मेरिट सूची की सूचना के लिए आवेदन को जन सूचना अधिकारी, दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड, दिल्ली-110092 को स्थानांतरित किया गया है।

जन सूचना अधिकारी, कारागार मुख्यालय द्वारा प्रश्न संख्या-1 के प्रथम भाग में दी गई सूचना संतोषजनक है तथा इसमें किसी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है।

यद्यपि, आवेदनकर्ता ने प्रथम अपील में यह भी आपत्ति जाहिर की है कि जन सूचना अधिकारी, दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड, दिल्ली-110092 द्वारा भी उन्हें सूचना नहीं दी गई है, अतः इस संदर्भ में अपीलकर्ता को संबधित प्रथम अपीलीय अधिकारी के समंक्ष आपत्ति दर्ज करनी चाहिए।

तद्नुसार अपील निस्तारित की जाती है।

यदि अपीलकर्ता आदेश से संतुष्ट नहीं है, तो वह 90 दिनों के भीतर माननीय केन्द्रीय सूचना आयोग, बाबागंग नाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली-110067 के समक्ष दूसरी अपील कर सकता है।

**उप महानिरिक्षक कारागार ( तिहाड़ )/**
**प्रथम अपीलीय अधिकारी**

**श्री पंकज कुमार, सहायक अधीक्षक**
**कारागार संख्या-5, तिहाड़,**
**नई दिल्ली-110064**

F10(3476489)/ID-**10227-E**/CJ/Legal/2022/53679/5095 Dated: 27/08/2022

**सूचनार्थ प्रतिलिपि:-**

जन सूचना अधिकारी/अधीक्षक-कारागार मुख्यालय, तिहाड़, नई दिल्ली-110064.